*संपादकीय*

# मोदी की रूस यात्रा अमेरिका निराश

भारत और अमेरिका के संबंध क्या पटरी से उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8-9 जुलाई की रूस यात्रा के संबंध में अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के सदेश और समय ने अमेरिका को भारत की ओर से निराश किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित कर चुके हैं। जाहिरा तौर पर ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिका से इसी तरह की प्रतिक्रिया अपेक्षित थी। डोनाल्ड लू से पहले नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेरिका और भारत के रिश्ते हाल के वर्षो में व्यापक बने हैं, लेकिन इनकी बुनियाद ज्यादा पुख्ता नहीं है। उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल खड़े किए थे। पश्चिमी देशों की मीडिया ने भी मोदी की रूस यात्रा की आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया कि भारत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह इत्तेफाक था कि जिस समय मोदी की रूस यात्रा हुई थी, उसी दौरान वाशिंगटन में सैन्य संगठन नाटो की शिखर वार्ता आयोजित थी जिसमें रूस विरोधी रणनीति का प्रारूप तैयार किया गया था।

भारत के विदेश मंत्रालय ने डोनाल्ड लू की प्रतिक्रिया पर सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत और रूस के संबंधों पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक वास्तविकता को ध्यान में रखना चाहिए। दोनों देशों के संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका सहित पश्चिमी देश भारत और विशेषकर मोदी के प्रति बेरुखी का रवैया अपनाने लगे हैं।

आगे चलकर यह रुख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विरोध में बदल सकता है। ऐसे में रूस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी शायद इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को याद होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। भारत ने तत्कालीन सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि की थी जिसके कारण बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय भारत अमेरिका की चुनौती का सामना कर सका। भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। ऐसे में अमेरिका और पश्चिमी देश नई दिल्ली को चाह कर भी अस्थिर नहीं कर सकते। लेकिन भारत को अपनी ओर से सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि भारत और रूस के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग अमेरिका की आंखों में किरकिरी पैदा करता रहेगा। अमेरिका का भारत के प्रति क्या रुख रहेगा यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

## जीवन और मेडिकल इंश्योरेंस से हट सकता है जीएसटी नितिन गडकरी ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र




**नई दिल्ली**

केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। इस पत्र में लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस पर लगने वाले जीएसटी को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे बीमा कंपनियों पर आर्थिक बोझ कम होगा। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि लाइफ इंश्योरेंस पर लगने वाले अप्रत्यक्ष कर जीवन की अनिश्चितता पर लगने वाले कर के समान हैं। अभी लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी के आसपास कर लगाया जाता है।

गडकरी ने अपने पत्र में कहा, निर्मला सीतारमण जी नागपुर संभागीय जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ ने मुझे बीमा उद्योग से संबंधित मुद्दों के बारे में एक ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि इसे मैं आपके सामने रखूं। संघ द्वारा उठाया गया मुख्य मुद्दा जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने से संबंधित है। जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 प्रतिशत की जीएसटी लगती है। जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के समान है।

उन्होंने आगे कहा, संघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को कुछ सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है, उस पर इस जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए प्रीमियम पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। इसी तरह, चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फीसद जीएसटी व्यवसाय के इस क्षेत्र की वृद्धि में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है, इसलिए उन्होंने जीएसटी को वापस लेने का आग्रह किया है। संघ ने जीवन बीमा के माध्यम से बचत के लिए विभेदक उपचार, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए इनकम टैक्स कटौती को फिर से शुरू करने और सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के एकीकरण से संबंधित मुद्दे भी उठाए हैं।

पत्र में आगे कहा गया है, आपसे अनुरोध है कि जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करें, क्योंकि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमों के अनुसार बोझिल हो जाता है, जिसमें उचित सत्यापन के साथ-साथ अन्य प्रासंगिक बिंदु भी उठाए गए हैं।

## भारत को तीसरा मेडल, शूटिंग में स्वप्निल कुसाले ने जीता ब्रांज



**नईदिल्ली**

भारत को पेरिस ओलंपिक तीसरा मेडल मील गया है. तीसरा मेडल भी शूटिंग में ही मिला है. स्वप्निल कुसाले ने ब्रांज मेडल जीता है. कुसाले ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस इवेंट में ब्रांज जीता है. कुसाले अपने शुरुआती मैच से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और उनसे मेडल की उम्मीद लगाई जा रही थी और उन्होंने देश की उम्मीदों को आखिरकार पूरा कर दिया है.

पेरिस ओलंपिक का ये छठा दिन है. अबतक भारत को 3 मेडल मिले हैं और तीनों ही शूटिंग में मिले हैं. इस तरह शूटिंग ओलंपिक में भारत के लिए सबसे लकी इवेंट रहा है. पहले दे मेडल मनु भाकर और सरबजीत सिंह ने जीते थे. मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रांज जीता था जबकि 10 मीटर की मिक्स इवेंट में मनु और सरबजीत ने ब्रांज जीता था. अब स्वप्निल ने इसी इवेंट में ब्रांज जीतकर मेडल की हैट्रिक पूरी कर दी है.

स्वप्निल कुसाले एमएस धोनी को अपना आइडल मानते हैं और फाइनल मैच के दौरान उन्होंने भी दबाव में न बिखरने वाली प्रवृति दिखाई. मैच के दौरान एक समय ऐसा भी लग रहा था कि वे टॉप 3 में जगह नहीं बना पाएंगे लेकिन बेहद शांति से वे छठे नंबर से तीसरे नंबर तक पहुंचे. वे गोल्ड और सिल्वर की तरफ जाते लग रहे थे लेकिन ऐसा हो नहीं पाया और उन्हें ब्रांज से संतोष करना पड़ा.

## देश के 300 बैंकों पर बड़ा साइबर अटैक, यूपीआई सर्विस ठप- एटीएम से भी नहीं निकाले जा रहे पैसे

**नई दिल्ली**

भारतीय बैंकों पर बड़ा साइबर अटैक हुआ है। लगभग 300 छोटे बैंकों को देश के बड़े पेमेंट नेटवर्क से अलग कर दिया गया है। ऐसा इसलिए ताकि हमले के बाद किसी भी बड़े खतरे को रोका जा सके। यह साइबर हमला एक ऐसी कंपनी पर हुआ है, जो इन बैंकों को टेक्नोलॉजी सेवाएं देती है। इससे इन बैंकों के पेमेंट सिस्टम अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं। यूपीआई यानी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक नोटिस जारी कर बताया कि बैंकों को सर्विस ऑफर करने वाले एनपीसीआई के सिस्टम पर प्रभाव हुआ है। इससे देशभर के करीब 300 छोटे बैंक और फाइनेंशियल इन्स्टीट्यूशन्स का बैंकिंग से जुड़ा कामकाज ठप पड़ गया है। यहां तक कि ग्राहक रुपये से पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं, वहीं, यूपीआई से अमाउंट ट्रांसफर करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन तकनीकी समस्या का असर सहकारी बैंकों और ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों के ग्राहकों पर पड़ा है,जॉइंट वेंचर सी-एज टेक्नोलॉजीस पर निर्भर हैं।

## मजबूत ग्लोबल संकेतों से ऑल-टाइम हाई पर खुला शेयर बाजार, निफ्टी 25 हजार के पार

**मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबार सत्र रिकॉर्ड स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही बाजार के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 82,019 और 25,050 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9:19 पर, सेंसेक्स 241 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,982 और निफ्टी 97 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,048 पर था। बैंकिंग शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी बैंक 263 अंक या 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,817 पर था।

अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कमी को लेकर बुधवार को बैठक हुई थी। इसमें फेड चेयरमैन द्वारा ब्याज दरों को लेकर सकारात्मक बयान दिया गया है, जिसका असर भारत के साथ-साथ अन्य वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है।

छोटे और मझोले शेयरों में भी तेजी का ट्रेंड बना हुआ है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 213 अंक या 0.36 प्रतिशत बढक़र 59,222 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 90 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,227 पर है। शेयर बाजार में भी सकारात्मक रुझान बना हुआ है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,503 शेयर हरे निशान में और 570 शेयर लाल निशान में हैं। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, विप्रो, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स हैं।

एमएंडएम, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेड चीफ की ओर से सितंबर में पहली ब्याज दर कटौती की बात कही गई है। ये बाजार के लिए सकारात्मक है।

हालांकि, हमास लीडर के मारे जाने के कारण पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति है, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। एशियाई बाजारों में मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है।

## श्रीलंका को भारत के खिलाफ वनडे से पहले तगड़ा झटका, पथिराना-मदुशंका चोट की वजह से हुए बाहर

**नईदिल्ली**




भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी. इससे ठीक पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है. टीम के दो दिग्गज खिलाड़ी चोट की वजह से टीम से बाहर हो गए हैं. मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. श्रीलंका ने इन दोनों की जगह मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा को टीम में जगह दी है. इसके साथ-साथ टीम ने तीन और खिलाडि़यों को स्टैंडबाय के तौर पर रखा है.

दरअसल श्रीलंका को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था. अब वह वनडे सीरीज के लिए तैयार है. वनडे सीरीज का पहला मैच 2 अगस्त को खेला जाएगा. इससे पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है. टीम को दो दिग्गज खिलाड़ी चोट की वजह से बाहर हुए हैं. मदुशंका और पथिराना भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी.

राइट आर्म फास्ट बॉलर पथिराना कई मौकों पर टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं. लेकिन वे वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. पथिराना भारत के खिलाफ टी20 मैच में डाइव लगाते हुए चोटिल हो गए थे. उनके कंधे में चोट लगी है. लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर मदुशंका की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है. इस वजह से वे भी बाहर हो गए हैं.

श्रीलंका ने मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा को टीम में जगह दी है. वहीं कुसल जनिथ, प्रमोद मदुशन और जेफ्री वेंडरसे को स्टैंडबाय के तौर पर रखा है.

## एक हाथ पॉकेट में दूसरा निशाने पर, 51 साल के यूसुफ डेरिक ने शूटिंग में जीता मेडल

**पेरिस**




पेरिस ओलंपिक 2024 के छठे दिन 51 साल के एक शूटर ने कमाल कर दिया है. तुर्किए के इस शूटर ने बिना लेंस और अन्य इक्यूपमेंट के 10 मिटर शूटिंग मिक्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीत अपने देश का नाम रौशन किया है. ये शूटर हैं यूसुफ डेरिक. उन्होंने अपनी साथी सेवल इलाया तरहान के साथ सिल्वर जीता है.

सोशल मीडिया पर यूसुफ डेरिक की तस्वीर वायरल हो रही है. इस तस्वीर में वे बिना किसी विशेष उपकरण की मदद के निशाना लगाते हुए दिख रहे हैं. बिना किसी विशेष गियर के केवल चश्मा पहने हुए शूटिंग करते उनकी तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. डिकेक ने नियमित प्रिस्क्रिप्शन चश्मा और इयरप्लग पहने थे और फिर भी अधिकांश प्रतियोगियों को हरा दिया. उन्होंने एक हाथ जेब में रखकर लाइन को रोल किया पिस्तौल को सीधा किया और एकदम सटीक निशाना लगाते हुए सिल्वर मेडल जीता.

यूसुफ़ डिकेक तुर्किए के 51 वर्षीय निशानेबाज़ हैं.वे 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में भाग लेते हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में मिश्रित टीम श्रेणी में तुर्की का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. यूसुफ़ डिकेक एक दाएं हाथ के निशानेबाज़ हैं. डिकेक 5 बार शूटिंग में ओलंपिक में तुर्की का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. 2014 में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में वे डबल वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं. तुर्की के इस शूटर ने 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में रजत पदक जीता था. डिकेक सात बार के यूरोपीय चैंपियन रहे हैं.

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा।

***वृष-*** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रियल स्टेट से जुड़े लोगों की फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी।

***मिथुन-*** आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजर अंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें।

***कर्क-*** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलने से सब अच्छा हो जायेगा।

***सिंह-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुडऩे से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी।

***तुला-*** आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे।

***वृश्चिक-*** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

***धनु-*** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें।

***मकर-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

***कुंभ-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

## कियारा आडवाणी के बर्थडे पर गेम चेंजर से तोहफा, नए पोस्टर संग एक्ट्रेस के किरदार के नाम से उठा पर्दा




बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 33वीं जन्मदिन के मौके पर एक्ट्रेस को हर जगह से जन्मदिन की शुभकामनाएं मिल रही हैं. इस बीच उनकी आगामी फिल्म गेम चेंजर के मेकर्स ने उन्हें खास अंदाज से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है. साथ ही फिल्म में कियारा के किरदार के बारे में एक महत्वपूर्ण अपडेट दिया है. एक्ट्रेस के बर्थडे पर मेकर्स ने एक स्पेशल नया पोस्टर साझा किया है और फिल्म से उनके किरदार का नाम का खुलासा किया है.

गेम चेंजर के मेकर्स ने एक और नया पोस्टर जारी करके फिल्म की रिलीज को लेकर फैंस उत्साह दोगुना कर दिया है. फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी भी हैं. चूंकि आज, एक्ट्रेस का 33वां जन्मदिन है. इस खास मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनके किरदार के नाम का खुलासा करके उन्हें और उनके फैंस को तोहफा दिया है.

मेकर्स ने फिल्म से कियारा का नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, टीम गेम चेंजर की ओर से हमारी जाबिलम्मा उर्फ कियारा आडवाणी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. उनकी वाइब्रेंट एनर्जी जल्द ही आपके दिलों को मोह लेगी. गेम चेंजर एक आगामी राजनीतिक थ्रिलर प्रोजेक्ट है. फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक एस शंकर ने किया है. इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार राम चरण मुख्य भूमिका में हैं.

## अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था की एडवांस बुकिंग शुरू, नया पोस्टर जारी



अजय देवगन अपनी फिल्मों में अक्सर कुछ अलग करने का प्रयास करते हैं। इनमें से उनकी कुछ मूवीज का जादू पर्दे पर कुछ इस तरह चलता है कि लोग सालों बाद भी उनकी परफॉर्मेंस को भूलते नहीं। इस साल एक्टर की शैतान और मैदान रिलीज हुई और अब वह तब्बू के साथ औरों में कहां दम था लेकर हाजिर होने वाले हैं।

एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी और स्पेशल 26 जैसी फिल्में बनाने वाले नीरज पांडे अब औरों में कहां दम था लेकर आ रहे हैं। उन्होंने इस फिल्म का डायरेक्शन किया है। अजय देवगन और तब्बू ने अब तक कई फिल्मों में काम किया है और अब वह अपनी 10वीं फिल्म को लेकर हाजिर होने वाले हैं।

औरों में कहां दम था एक प्रेम कहानी है। यह दो ऐसे लवर्स की स्टोरी है, जिनका सामना 22 साल बाद होता है।

## डेब्यू के लिए तैयार वरुण धवन की भतीजी अंजिनी, फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का पहला पोस्टर जारी




बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पंकज कपूर अभिनीत, एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा है। प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए निर्माताओं ने फिल्म पहला पोस्टर भी जारी किया है। साथ ही रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया गया है।

बिन्नी एंड फैमिली का फर्स्ट लुक पोस्टर बालाजी मोशन पिक्चर्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी किया गया। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, पुराने जमाने के संस्कार बनाम आजकल के आधुनिक विचार। जटिलताओं से भरी फैमिली है बिन्नी की, पर ये कहानी है हम सब की। मिलिए बिन्नी एंड फैमिली से 30 अगस्त को अपने नजदीकी सिनेमा घरों में।

बिन्नी एंड फैमिली एक आम परिवार के जरिए पीढिय़ों के रिश्तों को दर्शाने वाली है। यह फिल्म कुछ खट्टी मीठी कहानी के जरिए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। अंजिनी धवन के अलावा फिल्म में दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर, हिमानी शिवपुरी, राजेश कुमार, चारु शंकर और अन्य कलाकार भी हैं।

अंजिनी धवन, अभिनेता अनिल धवन की पोती और सिद्धार्थ धवन की बेटी हैं। वे बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर के साथ दोस्ती का प्यारा रिश्ता साझा करती हैं। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले अंजिनी वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म कुली नंबर 1 के सेट पर सहायक निर्देशक थीं।


## शब्द सामर्थ्य- 136

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 135 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.135 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |